





# देहात थाना पुलिस ने हनी ट्रैप गैंग का किया भंडाफोड़

## दो महिलाओं सहित चार आरोपी गिरफ्तार, अश्लील वीडियो बनाकर झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर करते थे लाखों की वसूली



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मई।** पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत देहात थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हनी ट्रैप और ब्लैकमेलिंग करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो भोले-भाले एवं वृद्ध लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनके अश्लील वीडियो बनाते थे और बाद में वीडियो वायरल करने तथा झूठे दुष्कर्म प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपए की अवैध वसूली करते थे।

***पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा के निर्देशन में गठित हुई विशेष टीम :** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के निर्देशन में थाना प्रभारी शिवप्रताप सिंह राजावत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हजूरीपुरा रोड क्षेत्र से दो महिलाओं सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### मानवता का फायदा उठाकर रची गई साजिश

देहात थाना प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत ने बताया कि बुधवार को ग्राम रछेंड़ी निवासी एक किसान ने थाना देहात में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि 23 मई को वह बाजार से अपने गांव लौट रहा था, तभी रास्ते में एक महिला मिली जिसने पैर में दर्द होने का बहाना बनाकर घर छोड़ने में मदद मांगी। किसान महिला को उसके घर तक छोड़ने गया, जहां महिला ने उसे चाय पीने के बहाने घर के अंदर बुला लिया।

### घर के अंदर पहले से मौजूद थे गिरोह के सदस्य

पुलिस जांच में सामने आया कि यह पूरी घटना पहले से सुनियोजित थी। घर के अंदर पहले से मौजूद गिरोह के सदस्यों ने किसान का अश्लील वीडियो बना लिया और बाद में वीडियो वायरल करने, झूठे बलात्कार के मामले में फंसाने एवं जान से मारने की धमकी देकर 7 लाख रुपए की मांग करने लगे। आरोपियों ने तत्काल 5 हजार रुपए भी वसूल लिए तथा बाकी रकम खेत बेचकर देने का दबाव बनाया।

### आमजन से पुलिस की अपील

पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के साथ इस प्रकार की ब्लैकमेलिंग, हनी ट्रैप या धमकी की घटना होती है तो बिना भय एवं संकोच के तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत, उप निरीक्षक अजय यादव, प्रमोद तोमर, विजय शिवहरे, प्रधान आरक्षक गुरूदास, रवि जादौन, आरक्षक ज्ञानेन्द्र मिश्रा, फिरोज खान, अवधेश चौहान, दिलीप शाक्य, अजय सगर, अशोक यादव, गिर्राज यादव, महिला प्रधान आरक्षक कुलसुमन भदौरिया, अपर्णा दुबे, महिला आरक्षक राधा पचौरी, किरण कुशवाह एवं साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

### मोबाइल जांच में मिले कई अश्लील वीडियो

पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान ममता बघेल, सपना नागर, बल्लू उपाध्याय एवं अखिलेश बघेल निवासी हजूरीपुरा, भिंड के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आरोपियों के मोबाइल फोन की जांच करने पर कई अन्य लोगों के अश्लील वीडियो भी मिले हैं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि गिरोह द्वारा लगभग 20 से अधिक लोगों को इसी प्रकार ब्लैकमेल कर बड़ी रकम की वसूली की जा चुकी है। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की गहन जांच में जुटी हुई है इस पूरें नेटवर्क में एक वकील और कुछ तथाकथित पत्रकार भी शामिल बतायें जा रही है।



# गिर्राज गुर्जर हत्याकांड के 10-10 हजार के दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मई।** जिले में फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान को लेकर मेहगांव थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चर्चित गिर्राज गुर्जर हत्याकांड के दो फरार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर की लाइसेंसी बंदूक एवं लाठी भी बरामद की है।

एसपी सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन, एएसपी संजीव पाठक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी संजय कोच्छा के नेतृत्व में थाना मेहगांव पुलिस लगातार फरार अपराधियों की तलाश में जुटी हुई थी। टीआई महेश शर्मा ने बताया कि 21 अप्रैल 2026 को ग्राम कैथोदा में गिर्राज गुर्जर की हत्या की घटना सामने आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना मेहगांव में आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी। वहीं एसपी वर्मा द्वारा दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

### मुखबिर की सूचना पर दबिश

गुरुवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि हत्या के फरार आरोपी अमर सिंह गुर्जर एवं नीटू उर्फ नेतराम अपने छिपने के स्थान पर मौजूद हैं। सूचना मिलते ही थाना मेहगांव पुलिस ने तत्काल रणनीति बनाकर दबिश दी और दोनों आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी अमर सिंह गुर्जर पुत्र साहब सिंह गुर्जर एवं नीटू उर्फ नेतराम पुत्र साहब सिंह गुर्जर निवासी ग्राम कैथोदा से पूछताछ के दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 315 बोर की लाइसेंसी बंदूक एवं लाठी जब्त की।

### अपराधियों में बढ़ा पुलिस का खौफ

मेहगांव पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है। एसपी सूरज वर्मा द्वारा अपराधियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई किए जाने से जिले में कानून व्यवस्था मजबूत हो रही है तथा आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

# 30 वाहनों की जांच, 73 हजार वसूले



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मई।** सुप्रीम न्यायालय के निर्देशों के पालन एवं परिवहन आयुक्त, कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा तथा पुलिस अधीक्षक सूरज वर्मा के मार्गदर्शन में परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले में खनिज परिवहन में लगे वाहनों के विरुद्ध संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान इटावा-भिण्ड मार्ग स्थित बरही क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान संचालित किया गया।

### परिवहन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

**नियम उल्लंघन पर हुई कार्रवाई :** जिला परिवहन अधिकारी राजेंद्र सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान कुल 30 वाहनों की सघन जांच की गई। जांच में यातायात एवं परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि बिना नंबर प्लेट संचालित हो रहे 05 वाहनों पर चालान किया गया, जबकि बिना वैध परमिट संचालित एक वाहन के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की गई।

**73 हजार रुपए का वसूला गया राजस्व :** संयुक्त कार्रवाई के दौरान विभिन्न नियम उल्लंघनों पर कुल 73 हजार रुपए का राजस्व वसूला गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा एवं वैध परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान पर बनी रणनीति



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मई।** जिला कांग्रेस कमेटी भिंड शहर के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी' के नेतृत्व में गुरुवार को मंडलम अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना एवं आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रणनीति तैयार करना रहा।

बैठक में संगठन विस्तार, जनसमस्याओं को लेकर जनआंदोलन, जनसंपर्क अभियान तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने संगठन को अधिक सक्रिय और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।

**कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत :** नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। संगठन जितना मजबूत होगा, आने वाले चुनावों में पार्टी उतनी ही मजबूती से जनता के बीच अपनी बात रख सकेगी। उन्होंने सभी मंडलम अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन विस्तार अभियान तेज करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा बूथ स्तर पर पार्टी की गतिविधियां बढ़ाने का आह्वान किया।

### संगठन की मजबूती पर दिया गया बल

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पिंकी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए मंडलम एवं बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रत्येक मंडलम में नए कार्यकर्ताओं की नियुक्ति, युवा कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस की भागीदारी बढ़ाने तथा जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आमजन की समस्याओं को लेकर सड़क से लेकर प्रशासन तक संघर्ष करना होगा, तभी संगठन को मजबूती मिलेगी और जनता का विश्वास बढ़ेगा।

**जनसमस्याओं को लेकर चलेगा अभियान :** बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन एवं जनसंपर्क अभियान चलाने की रूपरेखा भी तैयार की गई। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी और आमजन के हितों के लिए संघर्ष जारी रखेगी। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, संतोष त्रिपाठी, बृजेंद्र सिंह भदौरिया, मुन्ना, प्रमोद दीक्षित, पीसी, गजेंद्र यादव, दर्शन सिंह तोमर, मोहम्मद इरफान गम्मू, रविंद्र सिंह तोमर, बॉबी, सोनू बौद्ध, सोहन तिवारी, अचल जादौन सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैरागपुरा कंकाली माता मंदिर से निकली कलश यात्रा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मई।** शहर के बैरागपुरा स्थित प्राचीन कंकाली माता मंदिर से गुरुवार को संगीतमय श्रीराम कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भीषण गर्मी और 44 डिग्री तापमान के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रा में भाग लिया।

### 44 डिग्री तापमान में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कलश यात्रा में कथा व्यास परम पूज्य स्वामी आशीषानंद महाराज विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। महाराज रथ पर सवार होकर यात्रा में शामिल हुए और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

**भजन-कीर्तन से गूंजा पूरा क्षेत्र :** ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और भजन-कीर्तन के साथ निकली कलश यात्रा बैरागपुरा के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। श्रद्धालु जय श्रीराम और धार्मिक जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर चल रही थीं, जिससे यात्रा अत्यंत आकर्षक और भक्तिमय दिखाई दी।

**कथा शुभारंभ से पहले निकाली गई कलश यात्रा :** कंकाली माता मंदिर के पुजारी रामकिशोर भगत जी ने बताया कि मंदिर परिसर में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व धार्मिक परंपरा के अनुसार कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने बताया कि कथा के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन, भजन एवं श्रीराम चरित्र का सुंदर वर्णन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होगा।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे उपस्थित

इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 27 के पार्षद स्वदेश उर्फ बंटी बलराम कुशवाह, रविरमन उर्फ टिंकू प्रजापति, रामलखन प्रजापति, स्वदेश कुशवाहा, रवि श्रीवास, धनीराम प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, अनिल प्रजापति, विजय ताम्रकार, विनोद ताम्रकार, पवन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# संगठन सृजन अभियान को लेकर गांव-गांव पहुंची कांग्रेस



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मई।** अटेर विधानसभा क्षेत्र के पावई ब्लॉक में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ चलो-गांव चलो अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत मदनपुरा, रेपुरा, जौरी ब्राह्मण, चकरपूरा, महापुर सहित विभिन्न गांवों में ग्राम पंचायत समितियों का गठन किया गया तथा ग्राम चौपाल आयोजित कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अटेर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुर्जर उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता पावई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमेर सिंह नरवरिया ने की।

**भाजपा की नीतियों को जनता के बीच उजागर करेगी कांग्रेस :** बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा शुरू किए गए संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य पार्टी को बूथ स्तर तक सक्रिय एवं सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने तथा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करने के लिए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए नियमित बैठकों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है। नरेंद्र गुर्जर ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत गठित ब्लॉक इकाई, मंडलम इकाई एवं पंचायत समितियों के सदस्यों के लिए विधानसभा स्तर पर शीघ्र ही ब्लॉकवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### जनता के बीच जाकर उठानी होंगी समस्याएं

पावई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमेर सिंह नरवरिया ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को लगातार जनता के बीच जाना होगा और उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अटेर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमेर सिंह नरवरिया, अशोक नरवरिया, अशोक यादव, रामावतार, अरविन्द्र सिंह, सुदामा कर्ण, सिद्धार्थ सिंह नरवरिया, आजवेंद्र सिंह, अमर सिंह, जरमान सिंह, कमलेश यादव, डॉ. अशोक नरवरिया, प्रदीप नरवरिया, हीरा नरवरिया, शिवदयाल यादव, कल्याण नरवरिया, राहुल सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# एनसीईआरटी मप्र में लागू कर समान शिक्षा सुनिश्चित करे सरकार : विवेक


**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मई।** भारत का संविधान शिक्षा को प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार मानता है। इस संवैधानिक भावना और लोकतांत्रिक समानता के अनुरूप, आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश सरकार से मांग करती है कि प्रदेश के सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से लागू किया जाए।

**5 सूत्रीय मांगें :** एक प्रदेश, एक पाठ्यक्रम: मध्यप्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक पुस्तकें अनिवार्य हों।,

**शैक्षिक समानता का अधिकार:** गरीब, मध्यम वर्ग, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी - सभी के बच्चों को समान गुणवत्ता की शिक्षा मिले। भेदभाव समाप्त हो। पारदर्शी व्यवस्था: पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म की खरीद में अभिभावकों पर अनुचित आर्थिक बोझ समाप्त हो। नियम विरुद्ध संस्थानों पर कार्यवाही हो। जवाबदेह मूल्य निर्धारण: सरकार प्रत्येक सत्र से पूर्व पुस्तकों का अधिकतम मूल्य तय कर कड़ाई से पालन कराए। शिक्षकों की पूर्ण भती: प्रदेश के जिन सरकारी विद्यालय मे शिक्षको के पद रिक्त हैं, उन सभी पदों को तत्काल भरा जाय। बिना शिक्षक के गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा असंभव है।

**प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा :** लोकतंत्र में शिक्षा विशेषाधिकार नहीं, समान अधिकार है। आज प्रदेश में विरोधाभास है - कमजोर वर्ग के बच्चे संसाधनों के अभाव में पढ़ते हैं, वहीं निजी स्कूलों में 5000 की महंगी पुस्तकें बोझ बन रही हैं। दिल्ली के सरकारी विद्यालयों ने सिद्ध किया है कि इच्छाशक्ति हो तो सार्वजनिक शिक्षा उत्कृष्ट बन सकती है। वहाँ सभी वर्गों के बच्चे एक पाठ्यक्रम पढ़ते हैं। मध्यप्रदेश के बच्चों को भी यह अवसर मिलना चाहिए। सरकार संविधान की मंशा के अनुरूप निर्णय ले। हम लोकतांत्रिक आग्रह करते हैं कि ह्ष्ट्वश्वक्रञ्ज लागू कर शैक्षिक समानता का मार्ग प्रशस्त हो।

# मालनपुर में 33/11 केवी सबस्टेशन तैयार, अब बिजली समस्या से मिलेगी निजात



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 28 मई।** मालनपुर थाना क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या के समाधान की दिशा में विद्युत वितरण कंपनी को बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नया 33/11 केवी मालनपुर (आईजी) सबस्टेशन बनकर तैयार हो गया है, जिसे गुरुवार को सफलतापूर्वक बिना लोड के चार्ज कर दिया गया।

विद्युत वितरण कंपनी के डीजीएम हरीश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि मालनपुर डिवीजन के अंतर्गत स्टष्टक्ष्ठ (5ज) स्कीम के तहत इस नए सबस्टेशन का निर्माण कराया गया है। गुरुवार दोपहर लगभग 12:50 बजे सबस्टेशन को सफलतापूर्वक चार्ज किया गया। इस सबस्टेशन की पावर ट्रांसफॉर्मर क्षमता 8 एमवीए रखी गई है।

**वर्षों पुरानी समस्या से मिलेगी राहत :** क्षेत्रवासियों को पिछले कई वर्षों से लो-वोल्टेज, बार-बार बिजली कटौती एवं ओवरलोडिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती थी, जिससे आमजन के साथ-साथ औद्योगिक इकाइयों को भी परेशानी होती थी। नए सबस्टेशन के शुरू होने से अब बिजली आपूर्ति अधिक सुचारू और स्थिर होने की उम्मीद है।

**उद्योगों और ग्रामीण क्षेत्रों को होगा लाभ :** मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां विद्युत मांग लगातार बढ़ रही थी। नए सबस्टेशन के संचालन से न केवल औद्योगिक इकाइयों को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत व्यवस्था मजबूत होगी। इससे फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या में कमी आएगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिल सकेगी।

### विभाग ने जताई संतुष्टि

डीजीएम हरीश मेहता ने कहा कि विभाग का प्रयास है कि उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराई जाए। नए सबस्टेशन के शुरू होने से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा और भविष्य की बढ़ती मांग को भी आसानी से पूरा किया जा सकेगा।